कार्यपालक अभियंता (यॉ0) का कार्यालय
सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, मोहनियॉ
(E.mail-imd.mohania@gmail.com)

पत्रांक–...237.......मोहनियॉ   दिनांक......20-03.. / 2026

अति-अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–09 / 2025–26

कार्यपालक अभियंता(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमंडल मोहनियाँ के अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) एवं अवर प्रमंडल हेतु तीन अदद् बोलेरो/स्कॉर्पियो सामान्य गाड़ी दैनिक कार्य हेतु भाड़े पर रखने की आवश्यकता है। इस क्रम में इच्छुक वाहन मलिक/वाहन आपूर्तिकर्ता से उक्त वाहन ड्राईवर के साथ भाड़े पर आपूर्ति करने हेतु कोटेशन निम्नशर्तों के साथ आमंत्रित किया जाता है।

नियम एवं शर्तें

1– वाहन का वैध निबंधन (वाणिज्य निबंधन) पत्र, वीमा, रोड टैक्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं फिटनेस प्रमाण पत्र अद्यतन कोटेशन के साथ समर्पित की जायएवं सभी प्रमाण पत्र परिचालन के दौरान अद्यतन रखना होगा।
2– मालिक का आधार कार्ड, जी0 एस0 टी0, पैन कोटेशन के साथ समर्पित की जाय ।
3– निविदादाताओं को वित्तीय दर निम्नांकित प्रपत्र में देना है।

क्र0	वाहन का प्रकार	ईंधन रहित मासिक भाड़ा

4–भाड़े पर दो वाहन मार्च 2027 तक लिया जायेगा एवं एक वाहन जून, 2026 से अक्टूबर, 2026 (पांच माह) तक के लिए लिया जायेगा।
5–वाहन मॉडल 2017 से पूर्व का नहीं होना चाहिए एवं अच्छे हालत में होना चाहिए।
6–वाहन का रख–रखाव (चालक सहित) एवं उसके सभी प्रकार के मरम्मति, तौलिया उपलब्ध कराना एवं इसकी साप्ताहिक सफाई आदि पर होने वाले व्यय वाहन मालिक/फर्म द्वारा हीं किया जायेगा। चालक के वेतन का भुगतान, आवासन एवं भोजन आदि का व्यवस्था वाहन मालिक/फर्म द्वारा हीं किया जायेगा।
7– नियमानुकूल सभी प्रकार के करों एवं अन्य शुल्क अदेयता की जिम्मेदारी वाहन मालिक की होगी।
8–वाहन चालक के पास अद्यतन एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए।
9–वाहन की चोरी एवं दुर्घटना एवं अन्य क्षति होने पर चालक सहित जिम्मेदारीवाहन मालिक/फर्मकी होगी।
10–वाहन के उपयोग के लिए लॉगबुक का संधारण वाहन चालक की जबाबदेही होगी, जिसका उपयोग करने वाले पदाधिकारी यात्रा प्रयोग संबंधी आवश्यक प्रविष्टि करेंगे, जिसके आधार पर भुगतान किया जाएगा।

11–मासिक न्यूनतम दर समाहरणालय कैमूर, जिला नजारत शाखा द्वारा निर्धारित अनुसूचित दर के बराबर या न्यूनतम कोटेशन दाता के साथ रुपये 1000.00 (एक हजार) मात्र के स्टाम्प पेपरपर एकरारनामा किया जायेगा औरउन्हें वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जायेगा । सेवा संतोषजनक नहीं रहने पर अथवा वाहन की आवश्यकता नहीं रहने पर कभी भी बिना बताये एकरारनामा समाप्त किया जा सकता है।

12–वाहन का उपयोग वाहन मलिक/वाहन आपूर्तिकर्ता निजी अथवा अन्य व्यवसायिक उपयोग में नहीं करेंगे।

13–वाहन उपयोग हेतु 24 घंटे संबंधित पदाधिकारी के नियंत्रण में रहेगा एवं वाहन खराब हो जाने पर वाहन मालिक/फर्म का दायित्व होगा की वे तुरंत दुसरा वाहन उपलब्ध कराएंगे, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उस दिन के भाड़े का भुगतान दोगुना दर से कटौती कर ली जायेगी।

14– कोटेशन कभी भी बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

15– संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर नियमानुसार सभी करो की कटौती के पश्चात भुगतान की जायेगी।

16– भुगतान के समय नियमानुकूल विपत्र से कटौती की जायेगी।

इच्छुक वाहन मलिक/वाहन आपूर्तिकर्ता उक्त क्रमांक– 01 से 16 तक के शर्तों को स्वीकार करने से संबंधित अपना शपथ पत्र(नोटरी द्वारा निर्गत) एवं क्रमांक– 01,02 एवं 08 से संबंधित कागजात कि सत्यापित प्रति के साथ अपना कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बंद लिफाफा में दिनांक–30.03.2026 के 03 बजे अपराह्न तक समर्पित करेंगे। जिसे दिनांक–30.03.2026 के 03.30 बजे अपराह्न में खोला जायेगा। वाहन मलिक/वाहन आपूर्तिकर्ता कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। सभी वांछित कागजात सही पाये जाने पर एवं एक से ज़्यादा समान एवं न्यूनतम भाड़े दर के कोटेशन प्राप्त होने पर दिनांक– 04 बजे अपराह्न में वैध कोटेशनदाता के बीच लॉटरी के माध्यम से वाहन मलिक/वाहन आपूर्तिकर्ता का चयन किया जायेगा । मलिक/वाहन आपूर्तिकर्ता लॉटरी के समय उपस्थित रहेंगे अन्यथा इनकी या इनके प्रतिनिधि की उपस्थिति बिना भी लॉटरी किया जायेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा । कोटेशन के साथ क्रमांक–01,02 एवं 08 के कागजात एवं शपथ पत्र नहीं रहने पर इसे अमान्य कर दिया जायेगा। कोई अन्य जानकारी कार्यालय में संपर्क कर अथवा कार्यालय सूचना पट्ट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

Chirag Gaur 19-03-2026

(चिराग गौड़)

कार्यपालक अभियन्ता (यॉ0),

सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, मोहनियॉ।

पत्रांक–.....231.........मोहनियॉ   दिनांक......20-03......./2026

प्रतिलिपि–सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईटपर प्रचारित (upload) करने हेतु एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु हार्ड कॉपी एवंसॉफ्टकॉपी के साथ समर्पित।

अनु0:–Soft Copy (PDF and M.S Word)

19-03-2026

(चिराग गौड़)
कार्यपालक अभियन्ता (यॉ0),
सिंचाई यॉत्रिक प्रमंडल, मोहनियॉ।